ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

अनुच्छेद - वृक्ष ही जीवन है

वृक्ष ही जीवन है ।इस बात को प्राचीन काल से विद्वान मान रहे हैं। वृक्षों से हमें साँस लेने के लिए ऑक्सीजन मिलती है। हमारे जीवन में वृक्षों का इतना महत्व होने के बाद भी हम इनको काट तो लेते हैं, लेकिन नए वृक्ष लगाने के बारे में नहीं सोंचते। इसका खमियाजा आने वाले समय में उठाना पड़ेगा।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

वृक्ष कहने को तो मात्र एक वृक्ष होता हैं, लेकिन इसके फायदे अनेक होते है। बहुत से वृक्ष ऐसे होते हैं जो, जड़ी बूटी/औषधीय गुणों से भरपूर होते है। इतना ही नहीं पेड़ो से हमें फल ,फूल ,लकड़ी आदि कई जरूरत की चीजें मिलती है।वृक्ष हमारा मित्र है ।जब तक हम वृक्षों को अपना नहीं समझेंगे तब तक हम उसकी रक्षा नहीं कर सकते- इसलिये वृक्ष को अपना मित्र मानिए और उसकी रक्षा कीजिए।